

गेंदबाजी आक्रमण को दे सकते है धार

मुंबई की टीम आईपीएल के इस सीजन में छह मुकाबले हार चुकी है। ऐसे में वह अर्जुन को आजमा भी सकती है। वह मुंबई की गेंदबाजी आक्रमण को धार दे सकते हैं। हालांकि उन्हें कभी खेलने का मौका नहीं मिला। इस साल फरवरी में मुंबई इंडियंस ने 30 लाख रुपये देकर अपनी टीम में शामिल किया। मुंबई के पास इस साल जसप्रीत बुमराह के अलावा कोई अन्य गेंदबाज प्रभाव नहीं डाल पाया है। चेन्नई की टीम ने आईपीएल के इस सीजन में छह में से एक मैच जीता है। वहीं मुंबई की टीम अभी तक खाता नहीं खोल पाई है।

## मुंबई इंडियंस के अर्जुन तेंदुलकर की दमदार यॉर्कर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले से पहले गुरुवार को अर्जुन तेंदुलकर का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उन्होंने एक यॉर्कर फेंकी जिस पर मुंबई के सलामी बल्लेबाज ईशान किशन को बोल्ड कर दिया। यह वीडियो टीम के प्रैक्टिस सेशन का है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले से पहले भी मुंबई इंडियंस की टीम ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अर्जुन की एक तस्वीर साझा की थी। इसके बाद कयास लग रहे थे कि शायद उन्हें मौका मिल सकता है। मुंबई ने हालांकि फैबियन एलन को डेब्यू करवाया। और अर्जुन का इंतजार और बढ़ गया। किशन को मुंबई इंडियंस ने फरवरी में हुई खिलाड़ियों की नीलामी में 15.25 करोड़ रुपये देकर खरीदा था। वह इस साल की नीलामी में सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी थे। अर्जुन ने बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को चकमा देते हुए बोल्ड कर दिया। इससे पहले कि किशन का बल्ला नीचे आता गेंद उनके ऑफ स्टंप से जाकर टकराई। अर्जुन बीते कुछ अर्से से मुंबई इंडियंस की टीम का हिस्सा हैं।

# चेन्नई और मुंबई के बीच का मुकाबला तो भारत–पाक के मैच जैसा

क्रिकेट

## हरभजन सिंह आइपीएल में दोनों टीमों का रह चुके हैं हिस्सा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आइपीएल खिताब पांच बार जीत चुकी मुंबई इंडियंस और चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के बीच के मुकाबले को अल क्लासिको करार दिया गया है। जब ये दोनों टीमें आपस में टकराती हैं तो रोमांच अपने चरम पर होता है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह आइपीएल में इन दोनों टीमों का हिस्सा रह चुके हैं। भज्जी का मानना है कि जब चेन्नई और मुंबई के बीच मुकाबला होता है तो ये मैच उन्हें भारत–पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले जैसा लगता है क्योंकि इसमें इमोशन अपने चरम पर होता है।

भज्जी ने स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव पर बात करते हुए कहा कि मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम में 10 साल तक बैठने के बाद जब मैंने पहली बार सीएसके की जर्सी पहनी तो मुझे अजीब लगा।



ये दोनों ही टीमें मेरे लिए बेहद खास रही है और दोनों के बीच होने वाला मैच मुझे भारत–पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच जैसा अनुभव देता है क्योंकि इस दौरान भावना अपने चरम पर होता है। जब मैंने पहली बार मुंबई के खिलाफ मैदान पर कदम रखा था तब मैं चाह रहा था कि मैच जल्दी खत्म हो जाए क्योंकि उस मैच में दबाव और भावना दोनों ही शामिल थे। सौभाग्य से वह मैच जल्दी खत्म हो गया और सीएसके ने इसे जीत लिया।

वहीं सूर्यकुमार यादव ने सीएसके और मुंबई के बीच होने वाले मैच के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि यह एक दशक से चल रहा है अब लोग एमआई बनाम सीएसके के बारे में बात कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह हमेशा से रहा है और यह हमेशा रहेगा क्योंकि दोनों टीमों के बीच का बंधन बहुत खास होता है जब भी दोनों टीमें एक–दूसरे के खिलाफ मैदान में उतरती हैं, मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से अलग माहौल होता है।

आपको बता दें कि मुंबई और चेन्नई दोनों टीमों की हालत इस लीग में अब तक खराब है। मुंबई ने अपने पहले छह मैच गंवा दिए हैं और वो अंकतालिका में दसवें नंबर पर है तो वहीं सीएसके छह में से एक मैच जीतकर 2 अंक के साथ नौवें नंबर पर है।

# चेन्नई सुपर किंग्स के स्टार खिलाड़ी ने इस वजह से छोड़ा बायो बबल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में मुंबई और चेन्नई का प्रदर्शन अब तक चिंताजनक रहा है। गुरुवार 21 अप्रैल शाम इन दोनों ही टीमों का सामना हुआ है। इस मैच में मुंबई के लिए टूर्नामेंट में खुद को बनाए रखने का आखिरी मौका था क्योंकि टीम लगातार छह मैच हार चुकी है।

वहीं चेन्नई को 6 मैच खेलने के बाद महज एक ही जीत मिली है ऐसे में यह मुकाबला उसके लिए भी बेहद अहम है। चेन्नई की टीम को मैच से पहले एक बड़ा झटका लगा।

आईपीएल 2022 के 33वें मुकाबले में 4 बार की चैंपियन सीएसके का सामना 5 बार की



विजेता मुंबई इंडियंस से होना है। करो या मरो के इस मुकाबले के लिए चेन्नई की टीम का बड़ा खिलाड़ी उपलब्ध नहीं होगा। ओपनर डेवोन कॉन्वे की शादी होने जा रही है।


साउथ अफ्रीका में मंगेतर किम संग वो शादी करने वाले हैं। कुछ दिन पहले ही चेन्नई की टीम ने दोनों के प्री वेडिंग पार्टी का वीडियो शेयर किया था। शादी की वजह से 24 अप्रैल तक वह टीम चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे इसके बाद 25 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले के लिए वह मौजूद रहेंगे।

**प्री–वेडिंग में टीम के खिलाड़ी ने की मस्ती:** कॉन्वे और किम की प्री–वेडिंग का आयोजन कुछ दिन पहले ही किया गया था। मुंबई में हुए इस कार्यक्रम का एक वीडियो भी चेन्नई ने अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है। इस वीडियो में चेन्नई की टीम के सभी खिलाड़ी यहां तक की कॉन्वे और किं भी भारतीय परिधान में नजर आ रहे हैं। टीम के सभी खिलाड़ियों ने इस पार्टी में जमकर नाच गाना और मस्ती की।

## विजडन क्रिकेटर आफ द इयर की टाप 5 खिलाड़ियों में रोहित और बुमराह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अभी हाल ही में इंग्लैंड की टेस्ट कप्तानी छोड़ने वाले जो रूट को विजडन क्रिकेटर आफ द इयर के लिए अग्रणी क्रिकेटर के रूप में चुना गया है। 2021 में उनके प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने इस दौरान 15 टेस्ट मैचों में 61 की औसत से 1,708 रन बनाए हैं। लेकिन बावजूद इसके उनकी कप्तानी में इंग्लैंड की टीम आखिरी 17 टेस्ट मैचों में केवल एक ही जीत दर्ज कर पाई है। वेस्टइंडीज के खिलाफ हार के बाद उनके कप्तानी छोड़ने को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। इस सूची में दो भारतीय खिलाड़ियों को भी जगह मिली है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह को शीर्ष पांच खिलाड़ियों में स्थान मिला है। रोहित शर्मा ने पिछले साल खेले गए टेस्ट मैचों में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए चार टेस्ट मैचों में 52 की औसत से 368 रन बनाए थे जिसमें उनकी लाईस में खेली गई 83 रनों की शानदार पारी भी शामिल थी। इसके अलावा उन्होंने ओवल में 127 रनों की पारी खेली थी।

## न्यूज डायरी



## विंबलडन ने किया रूसी, बेलरूसी खिलाड़ियों को बैन, जोकोविच ने कहा पागलपन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा कि विंबलडन मे रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को बैन करने के फैसले पर हैरानी जताई है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद यह फैसला किया गया। जोकोविच ने इस फैसले को पागलपन कहा है। विंबलडन ने बुधवार रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को इस ग्रैंड–स्लैम में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया। हालांकि रूस इस हमला न कह कर स्पेशल ऑपरेशन कहता है। ग्रासकोर्ट ग्रैंड स्लैम पहला टेनिस टूर्नामेंट है जिसने इन दो देशों पर प्रतिबंध लगाया है। इसमें वर्ल्ड नंबर दो रूसी खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव और बेलारूस की नंबर चार खिलाड़ी अर्नाया सबलेंका 27 जून से शूरू हो रहे इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाएंगे। युद्धग्रस्त सर्बिया में पले–बढ़े जोकोविच, ने कहा कि ऐथलीट्स का इस मौजूदा विवाद से कोई लेना–देना नहीं है। जोकोविच ने बेलग्रैड में सर्बिया ओपन, जो एक एटीपी 250 इवेंट के दौरान कहा, मैंने हमेशा युद्ध का विरोध किया है।

## सचिन सहित इन दिग्गजों ने दी पोलार्ड के संन्यास पर अपनी प्रतिक्रिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के आल राउंडर कीरोन पोलार्ड ने सोशल मीडिया के माध्यम से अचानक अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर अपने फैंस सहित अपने साथी खिलाड़ियों को भी चौंका दिया। उनके साथी खिलाड़ी क्रिस गेल ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि उनसे पहले पोलार्ड संन्यास का एलान कर देंगे। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय करियर के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी है। आपके साथ खेलने का अनुभव अच्छा रहा, आने वाले चैप्टर के लिए शुभकामनाएं। सचिन तेंदुलकर ने एक फोटो शेयर करते हुए उन्हें फाइटर और चौलेंजर बताया है। उनके अलावा उनके मुंबई इंडियंस के साथी खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह और विनय कुमार ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। इसके अवावा वेस्टइंडीज क्रिकेट ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी है। वेस्टइंडीज क्रिकेट की तरफ से बयान जारी कर उनके 15 साल के योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद दिया है। हम उनके निर्णय का सम्मान करते हैं।

## धुमक्खियों ने कर दिया मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों पर हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन के अपने सातवें मुकाबले में मुंबई इंडियंस की टीम हर हाल में जीत हासिल करना चाहेगी। लगातार छह मैच हारने के बाद अब एक और हार का मतलब उसके टूर्नामेंट के प्लेआफ का सफर खत्म हो जाएगा। टीम इस करो या मरो के मुकाबले से पहले जमकर पसीना बहाती नजर आई। इस दौरान एक अजीब सी घटना सामने आई जब मधुमक्खियों ने टीम के खिलाड़ियों को अचानक हमला कर दिया। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम मुंबई की टीम के प्रैक्टिस सेशन के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इस बात को खुद टीम की तरफ से फैंस के साथ साझा किया गया है। सोशल मीडिया पर मुंबई इंडियंस की तरफ से वीडियो शेयर कर सबको इस बात से वाकिफ कराया गया कि जब यह घटना हुई तो टीम के खिलाड़ियों ने किस मुश्किल से अपने आप को बचाया।

## ऋषभ पंत ने जोड़े हाथ फिर भी नाखुश होंगी वॉर्नर की बेटियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को पहले महज 115 रन पर समेटा और फिर डेविड वॉर्नर (नाबाद 60) के अर्धशतक के बूते 11 ओवर में ही नौ विकेट से मैच जीत लिया। ओपनिंग करने आए डेविड वॉर्नर आखिरी तक नाबाद रहे। 10 चौके और एक छक्के के साथ 30 गेंद में 60 रन पीटने के बाद जब वह डगआउट की ओर लौट रहे थे तब कप्तान ऋषभ पंत ने भी हाथ जोड़ लिए। वॉर्नर ने 11वें ओवर की तीसरी गेंद को चौके के लिए भेजकर टीम को अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंचा दिया, जिसकी यह छह मुकाबलों में तीसरी जीत थी। इस जीत से दिल्ली कैपिटल्स के नेट रन रेट में अच्छी बढ़ोतरी हुई।